Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित एवं प्रसारित)
Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01
सच का साथी

दैनिक डिजीटल अखबार | खबर ही नहीं, खबरों का विश्लेषण भी | दिनांक 16-10- 2021 | अंक 28

प्रकाशन वर्ष : 2021 | बरही से प्रकाशित एवं संचालित | संपर्क सूत्र :7004315535,7004704981,9934337941



## न्यूज ब्रीफ

### सांप के डंसने से युवक गंभीर

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**

जहरीले सांप के डंसने से प्रखंड के गैड़ा पंचायत अंतर्गत चुकचूको निवासी तुलसी महतो गंभीर हो गए। बगोदर विधायक प्रतिनिधि शेख तैयब की पहल के बाद आनन फानन में युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर एंटीवेनम का इंजेक्शन दिया गया। इंजेक्शन के बाद उनकी स्थिति में सुधार आया। इस बीच उनके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

### विजयदशमी में दुरूस्त दिखी अनुमंडलीय अस्पताल की मेडिकल टीम

**अपेम लाइव : बरही**
**बिरेंद्र कुमार**

बरही में विजयदशमी के दिन अनुमंडलीय अस्पताल की मेडिकल टीम पूरी तरह से मुस्तैद दिखा । अनुमंडलीय अस्पताल के डo्क्टर एवं स्वास्थ्यकर्मी बरही चौक पर शाम से ही एम्बुलेंस के साथ इलाज करते दिखे। इस कार्य मे अनुमंडलीय अस्पताल के डo एजाज, स्वास्थ्यकर्मी नरेश कुमार एवं शमशाद अंसारी अपने ड्यूटी पर तैनात दिखे।



# शस्त्र पूजन कर रसोईया धमना के बच्चों ने लिया सनातन धर्म, संस्कृति व राष्ट्र सुरक्षा का संकल्प

## आरएसएस की शस्त्र पूजन उत्सव कार्यक्रम में स्वयंसेवको ने की शस्त्र पूजा, बच्चो में दिखा उत्साह आरएसएस के गणवेश में नजर आए बच्चे

**अपेम लाइव : बरही**
**बिरेंद्र कुमार**

विजयदशमी के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से रसोईया धमना दुर्गा मंदिर परिसर में शस्त्र पूजन उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर आरएसएस से जुड़े स्वयंसेवक के साथ साथ आस पास के ग्रामीण भी अपने घर से लाठी, भाला, तलवार सहित अन्य शस्त्र लेकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। सभी ने शस्त्र की विधिवत पूजा अर्चना की। कार्यक्रम के केंद्र में छोटे छोटे बच्चे थे, जो स्वयंसेवक के गणवेश में आकर शस्त्र पूजा में भाग लिया। उन्होंने आरएसएस की नीति सिद्धान्त की जानकारी ली। उपस्थित बौद्धिक वक्ता एकल अभियान ग्राम स्वराज्य मंच के प्रभारी प्रो हीरामन साहू ने विजय दशमी के अवसर पर शस्त्र पूजन की महत्व से अवगत कराया। उन्होने कि हमारे धर्म संस्कृति के साथ साथ देश की एकता एवं अखण्डता पर शत्रुओं की बुरी नजर है। ऐसे लोगो से बचाव में शस्त्र की प्रशिक्षण एवं प्रयोग, जरूरत के अनुसार जरूरी है। आज एक एक बच्चा को देश भक्त, धर्म रक्षक बनने की जरूरत है। हमे आज संकल्प लेने की जरूरत है कि हम अपने सनातन धर्म संस्कृति की रक्षा के लिए अपने आपको को न्योछावर करने के लिए तैयार रहना होगा। आज अपने हिंदू संस्कृति को कमजोर करने के लिए धर्मातंरण का गंदा खेल खेला जा रहा है। हमारी प्राचीन सनातन संस्कृति को कमजोर करने की साजिश रची जा रही है। इसे नकाम करना हम सभी कर्तब्य होनी चाहिए।



शस्त्र पूजन करते रसोईया धमना के बच्चे एवं स्वयंसेवक



बौद्धिक देते एकल अभियान ग्राम स्वराज्य मंच प्रभारी प्रो हीरामन साव

क्योकि हमे समझना होगा कि जब अपना सनातन धर्म एवं सांस्कृति नही बचेगी तब हमारी आने वाली पीढी भी सुरक्षित नही रह पाएगी। इसलिए धर्म जागरण जरूरी है। प्रत्येक घर परिवार में रहने वाले लोग अपने धर्म एवं संस्कृति को पहचाने। जहां भी धर्मातरण हो रहा हो, वहां अपने लोगों को समझाएं।शास्त्र एवं शस्त्र दोनो का अपना अपना महत्व है। हमें दोनो को साथ लेकर चलना होगा। अपने बच्चों को अपनी धर्म संस्कृति की पाठ पढानी होगी, तभी हम अपने धर्म एवं संस्कृति को मजबूत बना पाएंगे। मौके पर आरएसएस के संस्थापक डॉ हेडगेवार के प्रति भी श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मौके पर प्रो बद्री साहू, संचालक अरविंद कुमार, अध्यक्ष गिरजा साव, नितेश कुमार विशाल कुमार, गौरव कुमार, अर्पित कुमार, आदर्श कुमार, यश कुमार, दक्ष कुमार, लकी कुमार, राजवीर कुमार, दीपराज, सनी कुमार, संतोष कुमार, अमन कुमार साहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## अपेम एजुकेशन विंग

### कैसे सुधरेगी झारखंड में शिक्षण व्यवस्था, जानिए एक शिक्षक की कलम से...



जनार्दन प्रसाद वर्मा

**अपेम लाइवः बरही**

### 2020 में प्रथम वर्ग में नामांकित बच्चे बिना अंक अक्षर ज्ञान के ही प्रोन्नत होकर दूसरी कक्षा में चले गए, कैसे होगा शैक्षणिक विकास? :जनार्दन वर्मा

विश्वव्यापी संकट कोरोना काल में सभी क्षेत्रों को नुकसान हुआ, लेकिन खासकर शिक्षा के क्षेत्र में वर्तमान के साथ भविष्य को भी संकट में डाल दिया है । झारखंड में कोरोना की दूसरी लहर के बाद लगभग ज्यादातर क्षेत्रों को खोल दिया गया है। लेकिन प्राथमिक स्तर के बच्चों के लिए अभी भी कक्षाएं बंद है । लगभग डेढ़ वर्ष की बंदी के बीच ऑनलाइन शिक्षा का विकल्प ढूंढा गया, लेकिन प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में वास्तविक रुप से इससे लाभान्वित होनेवाले बच्चों की संख्या काफी चिंतनीय है । ऑनलाइन शिक्षा में डिजिटल माध्यम ,सोशल मीडिया यथा-यूट्यूब आदि का प्रयोग होने से बच्चों की कल्पना को एक नई उड़ान मिली एवं शिक्षा प्राप्त करने की सीमा में अप्रत्याशित रूप से वृद्धि भी हुई,। लेकिन यह उच्च कक्षाओं के बच्चों के लिए लाभदायक रहा । इसके माध्यम से बच्चे किसी भी टॉपीक पर कई विषय विशेषज्ञों को सुन सकते हैं एवं उसका अपने अनुसार तुलनात्मक विश्लेषण भी कर सकते हैं । लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में वैसी सुविधा प्राप्त करने वाले बच्चों की संख्या सीमित है । जिस बच्चा का वर्ष 2020 में प्रथम वर्ग में नामांकन हुआ, वह विद्यालय का मुंह देखे बिना ही इस वर्ष प्रोन्नत होकर वर्ग 2 में चला गया । उसने अंक या अक्षर ज्ञान सीखना भी प्रारंभ नहीं कर सका । इससे कक्षा प्रोन्नत होने से बच्चों की समझ नहीं बढ़ सकी । अब आवश्यकता है कि प्रा. थमिक कक्षा के बच्चों के लिए भी ऑफलाइन कक्षाएं चालू हो । बच्चे अपने शिक्षकों से रूबरू होकर सीख सकें । अन्यथा बच्चे बौद्धिक रूप से काफी पिछड़ जाएंगे। जिसकी प्रतिपूर्ति करना काफी मुश्किल होगा । उच्च कक्षाओं में अब ऑफलाइन के साथ-साथ ऑनलाइन कक्षाएं भी चले,क्योंकि इसका फायदा भी इस संकट काल में समझ में आ चुका है । लेंकिन छोटे बच्चो का शैक्षणिक भविष्य ऑनलाइन से नही बल्कि ऑफलाइन से ही संभव है। ध्यान व विचार करने की जरूरत है।

# प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की पटना रोड सेंटर की ओर से चित्र प्रदर्शनी का आयोजन

## माता दुर्गा एव उनके नौ रूपों की आराधना से मिलती है सुख समृद्धिः रीना बहन



चित्र प्रदर्शनी में शामिल बीके से जुडे लोग

**अपेम लाइवः बरही**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पटना रोड बरही सेंटर की ओर से आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर लगाई गई । बरही पटना रोड सेंटर की संचालिका राजयोगिनी बीके रीना बहन ने चित्र के माध्यम से दुर्गा मां की आध्यात्मिक रहस्य से अवगत कराया। उन्होंने कहा की माता दुर्गा की नौ रूप हमे अलग अलग आध्यत्मिक प्रेरणा देता है। सच्चे मन से माता की आराधना करने से सुख समृद्धि के साथ साथ यश की भी प्राप्ति होती है। माता दुर्गा के 10 हाथों में जितने भी अस्त्र शस्त्र हैं। सभी का अपना महत्व है। इनसे आत्मबल एवं आत्मीय शक्ति की अनुभूति होती है। योगाचार्य अनिल कुमार मिश्रा ने कहा कि माता दुर्गा एवं उनके नौ रूपो की पूजा हमे आदि शक्ति एव नारी शक्ति की याद दिलाता है। आज नारी की महत्व को लोग भूलते जा रहे है। जबकि समझना होगा कि नारी ही माता दुर्गा, माता काली, माता शीतला, माता लक्ष्मी, माता सरस्वती का रूप है। इसलिए नारी का हर जगह सम्मान होनी चाहिए। मौके पर रीना बहन, मुनि बहन, सविता माता, दर्शनी माता, राजेश कुमार गुप्ता, ,राजकुमार, सहदेव प्रसाद, मनोज कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।




डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार   सहयोगीः सोन पंडित, धनंजय कुमार   एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति   मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## शस्त्र पूजन से होती है गर्व की अनुभूति :सुबोध

### आरएसएस की शिवा जी व्यवसायिक शाखा की ओर से शस्त्र पूजन उत्सव का आयोजन

**अपेम लाइव बरही**

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की शिवा जी व्यवसायिक शाखा की ओर से विजय दशमी के अवसर पर शस्त्र पूजन उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्ड कार्यवाह प्रभु राणा ने किया। इस अवसर पर बौद्धिक का दायित्व सुबोध कुमार , मुख्य शिक्षक नंद किशोर कुमार, प्रार्थना वाचक बलराम केशरी, सामूहिक गीत की दायित्व गुरुदेव गुप्ता ने निभाई। एकल गीत सुनील कुमार सोनी, सुभाषित अशोक विश्वकर्मा, एवं एकल परिवार का दायित्व संदीप चन्द्रवंशी एवं सुनैना देवी ने निभाई। सभी ने बारी बारी से शस्त्र पूजन किया। शस्त्र पूजन का महत्व से अवगत कराया गया। बौद्धिक देते हुए सुबोध कुमार ने कहा कि विजय दशमी के अवसर पर शस्त्र पूजन का अपना विशेष महत्व है। शस्त्र पूजन से प्रत्येक सनातनी को गर्व की अनुभूत्ति होती है। इससे आत्मविश्वास एवं स्वाभिमान को बल मिलता है। मौके पर राजेश केशरी, अरुण चौधरी, अर्जुन साव, रंजीत चंद्रवंशी, प्रदीप चंद्रवंशी, संतोष चौरसिया, कृष्णा केशरी, आर पी शर्मा, राज किशोर गुप्ता, मनोज केशरी, राजकुमार यादव, अमित कुमार, पिंटू केसरी, दिलीप राणा, दशरथ यादव, संजय राणा, गुड्डू ठाकुर, संतोष चन्द्रवंशी, इन्द्रदेव गुप्ता, सिकंदर कुमार,राजेन्द्र केशरी, महेंद्र पासवान, शीतल साहू, संतोष बरनवाल सुभाष कुमार बरनवाल ब्रह्मदेव यादव, सुधीर कुमार चंद्रा, चंदन कुमार, प्रकाश प्रजापति, आदि लोग मौजूद रहे।





शस्त्र पूजन करते आरएसएस से जुड़े लोग

## बरही में हर्षोल्लास के साथ दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्व का हुआ समापन

### नम आंखों से दी गई माता की विदाई, पुलिस प्रशासन दिखी चौकस

**अपेम लाइव : बरही**
**बिरेंद्र कुमार**

प्रखण्ड मुख्यालय बरही सहित सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्गा पूजा बड़े ही सौम्य उत्साह एवम शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।शारदीय नवरात्र की मंगलमयी व सुखद वेला में आयोजित होने वाली मां दुर्गा एवं उनके नौ रूपों की अर्चना भक्तों ने पूरी भक्ति भाव से कर मंगल कामना की। दुर्गा पूजा प्रखण्ड के विभिन्न कई पंचायतों में दिव्य व भव्य दुर्गा प्रतिमा गढ़ पूरी वैदिक रीति से पूजा सम्पन्न हुई। बरही में विधिवत रूप से मां की अर्चना की जाती है तथा मंदिर का पट भी भक्तों के दर्शनार्थ खोल दिये जाते हैं हालांकि इस साल भी बड़े पैमाने पर आयोजन नहीं किया गया , पर नवरात्रि को लेकर लोगों में पूरा उत्साह दिखा।विशेष कर बच्चे बच्चियों में गजब का उत्साह दिखा। बरही में बड़े पैमाने पर भक्त गण अपने घरों में कलश स्थापना कर पूरी भक्ति भाव से नवरात्र पर माता के नौ स्वरुप की उपासना किए। नवरात्र की पूनीत वेला में कुवारी कन्याओ की पूजन कर ब्राह्मण भोजन करा कर कन्याओ से चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिए। बरही सहित कई ग्रामीण इलाकों में वर्षा होने से किसानों में हर्ष है और वे माता की कृपा मान रहे हैं। किसानों का मानना है वर्षा से धान को लाभ होगा और खेतों में नम्मी रहने पर रब्बी फसलें भी लग सकेगी। पूजा के दौरान विभिन्न पंचायतो में दंडा. धिकारी नियुक्त कराए गए ताकि किसी प्रकार की कोई अप्रिय घट्ना न घटे तथा कोविड नियमो का पालन किया जा सके। प्रशासन पूरी तरह चौकस दिखी। शनिवार को रसोइया धमना में विधि विधान के साथ माता की विदाई दी गई। बरकार नही में विसर्जन कर दिया गया। इस दौरान माता की जयकारा की उदघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। मौके पर प्रोफेसर बद्री साहू ,प्रोफ़ेसर हीरामन साहू, जिला परिषद संतोष रविदास, अशोक प्रसाद गुप्ता, अध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष प्रभु साहू, निकेश कुमार , हरि यादव, सुनील साहू , समाजसेवी गोविंद साव , वार्ड सदस्य गिरजा देवी, आरती देवी, सुनीता देवी, जमनी देवी, वासुदेव, राजेंद्र प्रसाद ,सुबोध कुमार ,परमेश्वर प्रजापति, मुकेश कुमार, वीरेंद्र साहू, नितेश कुमार ,सुखदेव साव, प्रकाश साहू, संतोष, शोभा रानी ,आरती स्वर्ण किरण, रूबी देवी ,प्रियंका देवी, जमुना देवी, अंजू गुप्ता, उप मुखिया नरेश साव, वीरेंद्र कुमार ,दिलीप राणा, श्यामलाल साव ,तापेश्वर साव, इत्यादि सैकड़ों लोग शामिल रहें।



प्रतिमा का विसर्जन करते श्रद्धालु

## जंगली हाथी के कुचलने से एक व्यक्ति की मौत

**अपेम लाइव : गिरीडीह**
**रोहित कुमार**

डुमरी में देर रात जंगली हाथी ने एक व्यक्ति को कुचल कर मार डाला। घटना डुमरी के खुदीसार पंचायत के ठंढा बहियार गांव की है। हाथी के हमले से बुरी तरह से जखमी व्यक्ति को ग्रामीणों के सहयोग से गिरिडीह सदर अस्पताल ले जाया गया। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।मृतक की पहचान ठंढा बहियार निवासी स्व रामेश्वर सिंह का पुत्र सुरेश सिंह के रूप में की गई। घटना की सूचना पर सुबह वन विभाग की टीम गांव में पहुंची



## कौलेश्वर ने इलाजरत वृद्ध से मुलाकात की

**अपेम लाइव :बड़कागांव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव समाजसेवी कोलेस्वर साव ने पल्स हॉस्पिटल रांची में इलाज रत पचड़ा गांव निवासी विश्वनाथ साव से मुलाकात कर स्थिति से अवगत हुए मरीज विश्वनाथ से पूछताछ कर शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भगवान से की है। कोलेश्वर ने कहा कि वृद्धों की सेवा से पुण्य प्राप्त होता है वृद्ध हमारे माता पिता के समान होते हैं हमें उनकी सेवा करनी चाहिए।






अपनी खबरें अपेम लाइव न्युज मे प्रकाशित करने के लिए संर्पक करें
9122222016, 9550809864, 9431129570

**कोनरा पंचायत के योग्य व कर्मठ भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प**

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
5. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
6. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
7. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी सद्भाव एवं भाईचारगी कायम रखना,



सैरा खातून, मुखिया प्रत्याशी, कोनरा पंचायत

आपका समर्थन, कोनरा का विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा।

इस बार कोनरा की जनता ने ठाना है, समाजसेविका सैरा खातून को मुखिया बनाना है।

महिला सशिक्तकरण एवं महिलाओं के शोषण के खिलाफ अब आवाज होगा बुलंद।



निवेदिका :- कैशर प्रवीण

## बरही मे हुआ चुनाव अधिकारी शैलेश महाजन का स्वागत, निर्माणाधीन केशरवानी आश्रम का लिया जायजा

**अपेम लाइव बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**



शैलेश महाजन का स्वागत करते केशरवानी समाज के लोग

अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य सभा की ओर से सिलीगुड़ी में होने वाले आगामी महाधिवेशन को लेकर राजनी. तिक समिति के सह संयोजक सह चुनाव अधिकारी शैलेश महाजन का आगमन झारखंड प्रदेश केसरवानी वैश्य सभा के प्रदेश महामंत्री भगवान केशरी के आवास पर हुआ। केशरवानी समाज की ओर से उन्हें बुके देकर सम्मानित व स्वागत किया गया। उन्होंने सभी को धन्यवाद देते हुए बरही के मतदाताओं को चुनाव मे आकर अपना मत देने का आग्रह किया। इसके बाद बरही पटना रोड मे बन रहे केसरवानी आश्रम का निरीक्षण किया तथा यहां हो रहे सामाजिक गतिविधियों के बारे में जाना। कहा कि किसी भी समाज का विकास उस समाज की एकजुटता पर निर्भर करता है। इसलिए हमे एकजुट रहना होगा। एक दूसरे को सहयोग करने भावना जागृत करनी होगी। मौके पर अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य तरुण सभा के राष्ट्रीय महामंत्री आशीष केशरी, नगर केसरवानी वैश्य सभा के अध्यक्ष बलराम केशरी, महामंत्री महेंद्र केशरी, तरुण सभा अध्यक्ष रंजीत केशरी, गया रोड पंचायत प्रमुख राजेश केशरी, सचिव जयराम केशरी, पटना रोड महिला पंचायत उपाध्यक्ष संजू देवी, आदि लोग मौजूद थे।

## एकादशा कार्यक्रम के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव

**अपेम लाइव बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**



सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन करते विधायक

बरही प्रखण्ड अंतर्गत पडिरमा गांव निवासी सुधीर यादव की दादी के एकादशा कार्यक्रम के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह पूर्व विधायक नेता मनोज कुमार यादव शामिल हुए। कार्यक्रम का संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्धघाटन किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक के साथ-साथ जिला परिषद प्रतिनिधि गणेश यादव, भाजपा नेता रितेश गुप्ता, समाज सेवी संजय यादव, युवा नेता कृष्णा यादव, भाजपा एससी मोर्चा अध्यक्ष नागेश्वर कु.रजक, समाजसेवी छोटू गोप, रघु गोप, गुरुदेव गुप्ता, नारायण यादव, बिट्टू जयसवाल, मुन्ना यादव, अशोक यादव, पिंटू यादव, सचिन यादव आदि शामिल हुए।

## असत्य पर सत्य की विजय पर्व दशहरा शांति पूर्वक हुई संपन्न

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा प्रखंड के विभिन्न गांव चलकुशा, चौबे, सुदन में दुर्गा पूजा समिति के द्वारा कोविड-19 का पालन करते हुए दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाई गई। चलकुशा प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी अंचल अधिकारी शशिकांत सिंकर एवं थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार सिंह ने विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण करते नजर आए एवं शांति पूर्वक लोगों को त्यौहार मनाने का अपील किया। पूजा पंडाल समिति के अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष से बात कर सह समय माँ की प्रतिमा को विसर्जन करने को कहा चल. कुशा पूजा समिति हरे कृष्ण सिंह (पिंकू सिंह) उपाध्यक्ष उमेश साव, सचिव राजकुमार पंडित, कोषाध्यक्ष लखन मोदी, वरिष्ठ सदस्य आलोक सिंह, बसंत पांडे, ब्रह्मदेव सिंह, कृपाशंकर सिंह, अरविंद सिंह एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## माता दुर्गा की विदाई में महिलाओं ने भरा खोइन्छा, दुर्गा मंडप में विवाहितों ने खेला सिंदूर होली

## नम आंखों से भक्तों ने दी माँ दुर्गा को विदाई

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



माँ की विदाई मे शामिल भक्तगण

बरकट्ठा शारदीय दुर्गा पूजा को लेकर बरकट्ठा वासियों में भारी उत्साह से पर्व उत्सव मनाया गया। कोरोना गाइडलाइंस के अनुसार समस्त पूजन विधि सम्पन्न हुई शनिवार को माता दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए विसर्जन झांकी निकाली गयी झांकी में परंपरागत रूप से ढोल की थाप पर श्रद्धालुओं ने माँ दुर्गा की प्रतिमा के साथ बरकट्ठा बाजार, डाकडीह डीह परबत्ता का भ्रमण करते हुए बेलवा नदी घाट में विसर्जन किया गया। इसके पूर्व दुर्गा मंडप में माता दुर्गा की विदाई में महिलाओं ने खोइन्छा भरा। खोइन्छ देने के बाद विवाहित महिलाओं ने सिंदूर खेला किया। माता दुर्गा के श्रद्धालु भक्तों ने नम आंखों से माता की विदाई की। प्रतिमा विसर्जन को लेकर निकाले गए जुलूस में प्रशासन और पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ शांति व्यवस्था को लेकर चुस्त रहे।

**आज का पंचाड्ग----**
आज का अंग्रेजी दिनांकः---17.10.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शकेः---1943
याम्यायन सौम्यगोलेरू
ऋतुः---शरद
माहेः---अश्विन
पक्षेः---शुक्ल पक्ष
तिथिः---द्वादशी तिथि
दिनेः---रविवार
नक्षत्रेः---शतभिषा नक्षत्र दिन 11:57 मिनट तक उपरांत पू.भा. नक्षत्र
योगः---वृद्धि
करणः---का
सूर्योदय :---प्रातः 06:17
सूर्यास्त : संध्या 05:43
सूर्य :---कन्या राशि में
चंद्रमा :---मकर राशि में
आज का राहूकाल संध्याः---04:30 बजे से संध्यारू---06:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः--दोपहर 11:36 से 12:24 तक
नोटः---दिनांक 15-10-2021 के रात्रि 12:23 से दिनांक 20-10-2021 के दिन 02:30 तक में पंचक रहेगा।
आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खासः---आज सूर्यदेव को अर्घ देने से मान सम्मान में वृद्धि होता है।



आलेखः---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660






## जतघघरा में हाफ मैराथन का किया गया आयोजन

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



विजेता प्रतिभागियों के साथ मौजूद विधायक व अन्य

बरकट्ठा प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र जतघघरा में शनिवार को युवा स्पोर्टिंग क्लब जतघघरा के द्वारा आठ किलोमीटर लम्बी हाफ मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह समेत अन्य जिलों से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया। मैराथन प्रतियोगिता का उदघाटन विधायक अमित कुमार यादव ने फीता काटकर किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम करने से युवाओं में जोश, उमंग और राष्ट्रसेवा की भावना का संचार होता है। युवाओ को सेना, पुलिस व अन्य रक्षा विभागों में बहाली के लिए दौड़ने का लगातार अभ्यास करने से फायदेमंद होता है। मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम हजारीबाग के जयप्रकाश यादव, दूसरे स्थान पर तुर्कबाद के तालेवर कुमार, तृतीय स्थान पर पदमा के शुभम साव और चौथे स्थान केसवारी के उमेश सिंह ने प्राप्त किया। सभी विजेताओं को पूर्व से घोषित पुरस्कार को देकर सम्मानित किया गया। आज के कार्यक्रम में बतौर अतिथि बेडोकला मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, चलकुशा मंडल अध्यक्ष अशोक वर्णवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष इंद्रदेव यादव, भाजपा नेता जागेश्वर मंडल, महामंत्री इंद्रदेव यादव, प्रधानाचार्य दशरथ राणा, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष संतोष यादव, मथुरा यादव, जगलाल यादव, सीताराम यादव आदि कई लोग उपस्थित थे।

## तालाब में तब्दील हुआ सड़क

**अपेम लाइव बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय**




बरही प्रखंड़ अंतर्गत रसोइया धमना पंचायत के लस्करी गांव में नाली की व्यवस्था नही होने के कारण हल्का बारिश में भी जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। मोके पर मौजूद लोगों ने बताया कि लस्करी में नाली निर्माण को लेकर मुखिया एवं विधायक को कई बार सूचित किया गया है, मगर अभी तक हमारे गांव में नाली का निर्माण नही कराया गया । नाली नही होने के कारण रास्ता में घुटना तक पानी भर जाता है। जिससे गांव के लोगो को आने जाने काफी परेशानी होती है। मोके पर मौजूद लोगों ने विधायक से आग्रह किया है कि हमारे गांव में भी नाली का निर्माण किया जाए। मोके पर मो बारीक, मो नौशाद, मो जहाँगीर, राहुल कुमार, सनी कुमार, संदीप कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।


**अपेम लाइव न्यूज**
**संध्या दैनिक अखबार के लिए प्रखंड स्तर पर संवाद सूत्र (पत्रकार) की जरूरत**

यदि आपमें अपने समाज के दबे कुचले, अभिवंचित वर्ग के लिए कुछ करने की जूनून है, यदि आप भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाना चाहते हैं। यदि आप निःस्वार्थ भाव से पत्रकारिता करने को इच्छुक हों तो आप अपेम लाइव न्यूज संध्या दैनिक अखबार से जुड सकते हैं।

**जिला : हजारीबाग**
प्रखंड/ क्षेत्र जहां के लिए पत्रकार की जरूरत है- ईचाक, चरही, बडकागांव, कटकमसांडी, हजारीबाग सदर, कटकमदाग, पदमा, दारू, विजैया, चलकुसा, केरेडारी

**जिला : चतरा**
प्रखंड/ क्षेत्र जहां के लिए पत्रकार की जरूरत है- ईटखोरी, टंडवा, चतरा सदर, कन्हाचट्टी, प्रतापपुर, सिमरिया, मयूरहंड, हंटरगंज, लावालौंग, गिद्धौर,

**जिला : कोडरमा**
प्रखंड/ क्षेत्र जहां के लिए पत्रकार की जरूरत है- कोडरमा सदर, जयनगर, मरकच्चों, डोमचांच, सतगांवा

योग्यताः स्नातक , स्मार्ट मोबाइल हो, कंप्यूटर की जानकारी हो

संपर्क सूत्रः 9550809864, 9431129570, 9934337941
Email: liveapem@gmail.com ( for Resume)

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूज़पेपर

## अखिल भारतीय केशरवानी वैश्य महासभा के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार बीरेंद्र केशरवानी पहुंचे बरही, हुवा स्वागत

### स्व. श्यामदेव केशरी के कार्यकाल को याद करते हुए दिया भावभीनी श्रद्धांजलि,

**अपेम लाइव : बरही**

अखिल भारतीय केशरवानी वैश्य महासभा के सिलीगुड़ी में होने वाले महाधिवेशन में महासभा के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार राष्ट्रीय महामंत्री वीरेंद्र केसरवानी बरही पहुंचे। उनके साथ महासभा के राष्ट्रीय अर्केक्षक राजेंद्र गुप्ता तथा नगर केसरवानी वैश्य सभा वाराणसी के संरक्षक महेश गुप्ता का भी आगमन हुआ। सर्वप्रथम सभी लोग झारखंड प्रदेश केसरवानी वैश्य सभा के पूर्व अध्यक्ष स्व श्याम देव केशरी के आवास जाकर उनके परिजनों से मुलाकात किया। जिसके बाद बरही पूर्वी पंचायत भवन में नगर केसरवानी वैश्य सभा बरही के अध्यक्ष बलराम केशरी की अध्यक्षता में बैठक हुआ। संचालन गया रोड पंचायत प्रमुख राजेश केशरी ने किया। नगर सभा द्वारा सभी अतिथियों को पुष्प-गुच्छ देकर स्वागत किया गया। बैठक में अतिथियों ने वीरेंद्र केसरवानी के पक्ष में मत देने की अपील की। राष्ट्रीय महामंत्री ने भी अपने सामाजिक कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए सामाजिक विकास हेतु अपने पक्ष में मत





स्वागत करते केशरवानी समाज के लोग

मांगी। इसके बाद सभी उप. स्थित सदस्यों द्वारा स्व श्याम देव केशरी जी चित्र पर पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। अंत में झारखंड प्रदेश केसरवानी वैश्य सभा के प्रदेश महामंत्री भगवान केशरी के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन देकर सभा का समापन किया गया। बैठक में नगर केसरवानी व्यावसायिक प्रकोष्ठ के संरक्षक कपिल केशरी, अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य तरुण सभा के राष्ट्रीय महामंत्री आशीष केशरी, जिला केसरवानी वैश्य सभा के जिला महामंत्री बिनोद केशरी, नगर केसरवानी वैश्य सभा बरही के संस्थापक अध्यक्ष जगदीश साहू, अध्यक्ष बलराम केशरी, महामंत्री महेन्द्र केशरी, कोषाध्यक्ष काशी केशरी, प्रशास. निक पदाधिकारी राजेश केशरी उर्फ मेवालाल केशरी, मीडिया प्रभारी रवि केशरी, अध्यक्ष मनोज केशरी, नगर केसरवानी वैश्य महिला सभा के अध्यक्षा जयंती देवी, हजारीबाग रोड पंचायत महिला अध्यक्ष मंजू देवी, बजरंग नगर पंचायत महिला अध्यक्षा अनीता देवी, कोषाध्यक्ष अनीता देवी, गया रोड पंचायत महिला अध्यक्षा नीलम देवी, नगर केसरवानी वैश्य तरुण सभा के अध्यक्ष रंजीत केशरी, कोषाध्यक्ष संदीप केशरी, बरहीडीह पंचायत प्रमुख उमेश केशरी, गया रोड पंचायत सचिव जयराम केशरी, राज. कुमार केशरी, राजेश केशरी, मनोज केशरी, अशोक केशरी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## विष्णुगढ़ में ट्रक ने वृद्ध को कुचला, विरोध में ग्रामीणें ने किया सड़क जाम

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ बगोदर रोड़ एनएच 100 में शनिवार को चौथा नहर के पास बेकाबू ट्रक ने सड़क पार कर रहे एक वृद्ध को कुचल दिया। जिससे घटनास्थल पर हीं उसकी मौत हो गई। मृतक प्रसाद रविदास (60) चौथा गांव के हीं रहने वाले थे। बताया जाता है कि वे सड़क पार कर दूसरी ओर जा रहे थे। इसी दौरान गुजर रहे ट्रक ने वृद्ध को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के विरोध में बगोदर विधायक प्रतिनिधि शेख तैयब के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। जानकारी पाकर विष्णुगढ़ थाना प्रभारी जगलाल मुंडा, सीओ रामबालक कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। विरोध कर रहे लोग मृतक के आश्रित को मुआवजा दिलाने की मांग पर डटे थे। थाना प्रभारी द्वारा सूचना देकर ट्रक मालिक टाटीझरिया के मुरूमातू निवासी अनिल कुमार मेहता को घटनास्थल पर बुलाया गया। समझौता में ट्रक मालिक द्वारा 80 हजार रूपए देने पर सहमति बनी। जिसमें तत्काल 30 हजार रूपए भुगतान किया गया। वहीं, सीओ ने आश्रित को अंबेडकर आवास, सरकार द्वारा प्रदत सड़क दुर्घटना में मिलने वाली एक लाख तथां राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ के तहत 20 हजार रूपए की सहायता राशि दिलाने का आश्वासन दिया गया। इस समझौते के बाद जाम हटा लिया गया। तत्पश्चात, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि शेख तैयब, सुधीर सिंह, महेश यादव, जानकी शर्मा, झामुमो जिला मीडिया प्रभारी महताब हुसैन, भोला सिंह, जगरनाथ यादव, जागेश्वर यादव, गोविंद रविदास, आनंद पांडेय, भीखन रविदास, नारायण यादव, जितेंद्र यादव, दूलो रविदास, मोहन रविदास, रामेश्वर पंडित, छोटी साव, दिलीप यादव समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।



दुर्घटना के विरोध में सड़क जाम करते ग्रामीण

## तालाब में नहाने गया युवक की डूबने से मौत, परिजनों का रोरो कर बुरा हाल

### चयकला के गोताखोरों ने शव को निकाला बाहर

**अपेम लाइव : चौपारण**

चौपारण प्रखण्ड मुख्यालय से एक किमी दूरी पर स्थित एक तालाब में नहाने के गए एक युवक की मौत डूबने से हो गई। जानकारी के अनुसार पंचायत ताजपुर के ठाकुर टोला निवासी रंजीत ठाकुर (35 )पिता बालेश्वर ठाकुर शुक्रवार देर शाम नहाने के लिए तालाब में गया था। नहाने के क्रम में वह गहरे पानी मे चला गया और डूब गया। परिजन एवं गांव के लोगो के द्वारा तालाब में काफी खोजबीन किया गया। लेकिन काफी समय तक



तालाब से शव को बाहर निकालते चयकला के गोताखोर

रंजीत ठाकुर का का कही पता नही चला। थक हार कर प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से मदद की गुहार लगाई गई। इस कार्य मुखिया सह प्रधान विनोद कुमार सिंह, शौकत खान, एवं थाना प्रभारी स्वप्न कुमार महतो ने चयकला के गोताखोरों से संपर्क किया। चयकला के गोताखोरों ने काफी मसक्कत से गहरे पानी से रंजीत का शव को बाहर निक. ाला । शव मिलते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। साथ ही ठाकुर टोला में मातम पसर गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। शव यात्रा में विधायक उमाशंकर शामिल होकर शोक संवेदना प्रकट की।

## समाजसेवी के अंतिम यात्रा में शामिल हुए विधायक प्रतिनिधि विनोद यादव

### सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते थे लटन यादव : बिनोद यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

बरही प्रखंड के केदारूत पंचायत अंतर्गत देवचंदा निवासी वरिष्ठ समाजसेवी 102 वर्षीय लटन यादव का निधन हो गई। निधन के समाचार सुनकर अंतिम अग्नि संस्कार में विधायक प्रतिनिधि बरही विधानसभा सह क०न्ग्रेस जिला महासचिव विनोद यादव शामिल हुए। ज्ञात हो कि लटन यादव सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लिया करते थे । वे लोगों को निस्वार्थ भाव से सेवा करते थे। बीती रात अचानक हृदय गति रुक जाने से उनका देहांत हो गया। निधन होने की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर छा गई है। दिवंगत अपने पीछे 3 पुत्र दो पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। अंतिम यात्रा में शामिल होने वालो में बिनोद यादव के साथ साथ, समाजसेवी सुरेश यादव, विधायक प्रतिनिधि प्रखंड कार्यालय देवचंद यादव , वार्ड सदस्य खड़गधारी यादव, वार्ड सदस्य गुड्डू यादव, गोपाल यादव, टेकलाल यादव, रघु सिंह, अर्जुन यादव सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।





अंतिम यात्रा में शामिल बिनोद यादव एवं अन्य

## मृतक सोहन तुरी के परिवार से मिले जिला परिषद सदस्य उम्मीदवार के पति बद्री यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

बरही प्रखंड अंतर्गत कोनरा पंचायत के पडीरमा निवासी 55 वर्षीय सोहन तुरी का निधन शनिवार को हो गया। उनके निधन की ख़बर मिलते ही बरही पश्चिमी जिला परिषद सदस्य उम्मीदवार रिंकू देवी के पति बद्री यादव पीड़ित परिजनों से मिलने पहुंचे। पीड़ित परिवार के घर पहुँचकर उन्होंने शोकाकुल परिवार को ढ़ाढ़ंस बंधाया। उन्होंने निधन पर गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि यह बहुत दुखद घटना है तथा उनके सहयोग से अंतिम संस्कार किया गया। वहीं उम्मीदवार रिंकू देवी ने कहा कि दुख की इस घड़ी में हम मृतक के परिजनों के साथ हैं। कहा कि भविष्य में मृतक के परिवार की हर संभव मदद की जाएगी।



सोहन तुरी के परिवार से मिलते बद्री यादव

## सवारी वाहन पलटने से छह जख्मी, तीन रेफर, मेला देखने जा रहे थे सभी लोग

**अपेम लाइव : गिरीडिह**
**रोहित कुमार**

गावां थाना क्षेत्र के बंगालीबारा तिलैया मेन रोड में सवारी (कमांडर) वाहन पलटने से छह लोग दबकर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना में बच्ची समेत तीन की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जिसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि दुधपनियां निवासी सुनीता कुमारी उम्र 10 वर्ष पिता इश्वरी राय, सुषमा देवी उम्र 24 वर्ष पति उपेन्द्र राय, काजल देवी उम्र 17 वर्ष पति अरुण राय, भिखिया कुमारी उम्र 10 वर्ष पिता परमेश राय, विकास कुमार उम्र 11 वर्ष पिता राजकुमार राय और किरण देवी उम्र 20 वर्ष पति दिनेश राय ये सभी लोग एक साथ अपने घर दुधपनियां से (कमांडर) सवारी वाहन पर सवार होकर गावां मेला देखने जा रहे थे। तभी बंगालीबारा तिलैया मेन रोड पर अनियंत्रित होकर वाहन पलट कर खेत में गिर गया। जिससे वाहन पर सवार सभी लोग गाड़ी के अंदर दब गए। बाद में ग्रामीणों के सहयोग से सभी को गाड़ी से बाहर निकालकर 108 एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद ड० काजिम खान ने सुनीता कुमारी, विकास कुमार एवं भिखिया कुमारी की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह रेफर कर दिया। समाचार लिखे जाने तक दुर्घटनाग्रस्त वाहन घटना स्थल पर ही पड़ा हुआ था। इधर, घटना की सूचना पर जिप सदस्य इमरान अंसारी, मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद, भाजपा नेता मुन्ना सिंह, माले नेता नागेश्वर यादव व आप प्रभारी सागर चौधरी भी अस्पताल पहुंचे और घायलों का हाल चाल जाना।



घटना स्थल पर मौजुद लोग

## गुंजरा में डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**

बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम गुंजरा में डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ किया गया इस लाइब्रेरी का संस्थापक संजीवनी युग निर्माण सोसायटी के द्वारा किया जायेगा मुख्य अतिथि डीएसपी राजेंद्र प्रसाद के द्वारा फीता काटकर विधिवत लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया । उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में प्रखंड क्षेत्र के शिक्षाविद,बुद्धिजीवी व समाजसेवी उपस्थित थे। बताते चलें कि गुजरा गांव के ही रहने वाले स्थानीय बीएसएनएल के वरिष्ठ पदाधिकारी रविकांत प्रसाद के कुशल नेतृत्व में इस लाइब्रेरी की शुरुआत की गई। मौके पर उप. स्थित बुजुर्गों को शॉल देकर सम्मा. नित किया गया इस डिजिटल लाइब्रेरी की संरचना गुंजरा ग्राम के अभियंताओं एवं नवयुवकों द्वारा की गई है।जिसके तहत विद्यालय एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए डिजिटल माध्यम से पठन पाठन में सुविधा उपलब्ध कराई गई है। लाइब्रेरी में बुजुर्गों के लिए दैनिक समाचार पत्र एवं धार्मिक पुस्तकें भी उपलब्ध करवाई गई है। उद्घाटन समारोह में डीएसपी राजेंद्र प्रसाद, सेवानिवृत्त शिक्षक नारायण प्रसाद, वासुदेवचन्द्र यादव, रामसेवक प्रसाद सेवा. निवृत्त अभियंता इंद्रदेव प्रसाद , छोटेलाल विद्यार्थी ,शिक्षक दिनेश महतो, रामकिशुन महतो, नारायण प्रसाद मेहता, महेश चौधरी, यमुना साव, डॉ० प्रकाश कुमार, एस लाल , हरिहर पंडित, समाजसेवी ललन यादव, धानेश्वर यादव, प्रमोद गुप्ता समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित हुए थे

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

# पूर्व विधायक ने पूजा पंडालों में टेका मत्था, क्षेत्र में अमन चैन व शांति का किया कामना

**अपेम लाइव :चौपारण**
**किशोर कुमार**


पूजा पंडाल का भ्रमण करते पूर्व विधायक व अन्य

बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने चौपारण प्रखण्ड के भिन्न भिन्न पूजा पंडलो जाकर माता के चरणों मे मत्था टेका व क्षेत्र में अमन चैन व शांति की कामना किया। इस दौरान पूर्व विधायक सिंघरावां, बहेरा, दैहर स्थित कमला माता मंदिर, चौपारण, बसरिया, केवलिया, रामपुर आदि स्थानों पर आयोजित दुर्गा पूजा में सम्मिलित हुए। पूजा समिति चौपारण ने पूर्व विधायक को बुके देकर स्वागत किया। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने सभी को शुभकामनाएं दी इस दौरान जीप सदस्य रामस्वरूप पासवान, मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, अशोक केशरी, रिशू बर्णवाल, रितेश सिन्हा, संतोष पासवान आदि, सिंघरावां में बच्छई मुखिया प्रतिनिधि बीरेंद्र रजक, पूजा समिति के गा. `पाल विश्वकर्मा, प्रकाश राम, सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र चनद्रवंशी, देवल यादव, नरेश साव, बद्री साव, मुकेश मधेसिया, मुनेश कुमार, विकास गुप्ता, विजय मधेसिया, आदि वही दैहर में दादपुर मुखिया प्रतिनिधि अरविंद सिन्हा, भाजपा नेता कैलाश पांडेय, राकेश पांडेय, जीप उम्मीदवार राकेश रंजन, देवकुमार दाँगी, सुरेश दाँगी आदि बसरिया में स्थानीय मुखिया नरेश पासवान, पिंटू सोनी, शिक्षक भुनेश्वर साव, रामपुर में किंकर शर्मा, अनुज सिन्हा, सिकन्दर राम, मनोज कुमार, शंकर पंडित सहित अन्य लोग लोग उपस्थित रहे।

# नवरात्र नौ दिन माई, दशम दिन विदाई विधि विधान के साथ हुवा विसर्जन

**अपेम लाइव : टाटीझरिया**
**राजकुमार यादव**


मूर्ति विसर्जन करते

नवरात्र नौ दिन माई, दशम दिन विदाई...मां विसर्जन को चलीं... टाटीझरिया प्रखंड में दुर्गापूजा की धूम रही। टाटीझरिया, कोल्हू और झरपो में स्थापित प्रतिमा को श्रद्धालु विजयादशमी की शाम में जलाशयों में विसर्जन कर दिया। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति टाटीझरिया की प्रतिमा का विसर्जन शिव मंदिर तालाब, झरपो दुर्गापूजा समिति की प्रतिमा का विसर्जन फुटाही तालाब और कोल्हू दुर्गापूजा समिति के द्वारा स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन डकेनिया नदी में विधि-विधान, पारंपरिक रूप से किया गया। टाटीझरिया, कोल्हू और झरपो में नवरात्रि के दौरान भक्तों का उत्साह देखने लायक था। कोरोना के कारण पिछले वर्ष नवरात्रि की चमक फीकी थी। इस बार श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी देखने नहीं मिली। पूजा समितियों के द्वारा शुक्रवार को सुबह से ही मातारानी के विदाई की तैयारियां चल रही थी। शाम में ढोल-ताशों के साथ भक्तों ने पारंपरिक तरीके से मां दुर्गे को विदाई दिया। प्रखंड क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से दुर्गापूजा संपन्न हो गया।

# रामपुर सर्किल क्रिकेट प्रतियोगिता का विजेता बना नावागढ़, उपविजेता रामपुर

## हार से निराश नही हो, गलतियों को सुधार कर भविष्य का विजेता बने : मनोज यादव

**अपेम लाइव :चौपारण**
**किशोर कुमार**



विजेता टीम को पुरस्कृत करते पूर्व विधायक

रामपुर में चल रहे सर्किल क्रिकेट प्रतियोगिता का रंगा. रंग समापन हुवा। खिताबी भिड़ंत मेजबान रामपुर बनाम नावागढ़ कि टीम के बीच खेला गया। बेहद ही रोमांचक मुकाबले में नावागढ़ की टीम ने रामपुर टीम को पांच विकेटो से परा. जित कर खिताब पर जमाया कब्जा। इधर मैच समाप्ती के उपरांत आतिशबाजी से पूरा रामपुर गूंज उठा। इससे पर फाइनल मुकाबले के मुख्यातिथि बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर दोनो ही टीमो को खेल भावना से खेल खेलने को कहा। कार्यक्रम को संबो. धित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि रामपुर जैसे छोटे से गांव में राष्ट्रीय स्तर जैसा मैच आयोजन के लिए आयोजको को बधाई। विजेता टीम नावागढ़ को बधाई व रामपुर कि टीम से कहा कि हार से निराश नही हो बल्कि गलतियों को सुधार कर भविष्य में सफलता हाशिल करे। वही आयोजको ने सभी प्रयाजको को मोमेंटो देकर उन्हें सम्मानित किया। आयोजको ने पूरे सिजन में बेहतर गेंदबाज, बल्लेबाज, फील्डर आदि को ट्र०फी देकर समान्नित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन व कमेंट्री के लिए शशिकान्त शर्मा को मुख्यातिथि ने ट्र०फी देकर सम्मानित किया आयोजन को सफल बनाने मे अध्यक्ष शिवशंकर पंडित, सचिव अशोक राणा, कोषाध्यक्ष राजू टेस्टर, प्रबंधक बलभद्र राम, उपाध्यक्ष बिनय सिंह, उप सचिव सुनील सिंह, उप प्रबंधक रणवीर चौधरी उप कोषाध्यक्ष धर्मवीर, संचालक शशिकांत शर्मा आदि महती भूमिका निभाया।

# टाटीझरिया प्रखंड के 8 पंचायतों में 39 हजार 91 मतदाता करेंगे मताधिकार

## प्रखंड के 97 बूथों में 20607 पुरूष और 18484 है महिला वोटर

**अपेम लाइव : टाटीझरिया**
**राजकुमार यादव**




त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर टाटीझरिया प्रखंड के आठों पंचायतों में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। प्रत्याशी वोट अपने पक्ष में डलवाने के लिए मतदाताओं को रिझाने मे कूद पड़े हैं। निवर्तमान जनप्रतिनिधि किसी भी कीमत पर अपने किले को ढहने नहीं देना चाह रहे हैं तो वहीं विपक्षी प्रत्याशी अपनी जीत तय करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। प्रत्याशी ऐसे मतदाता को घर वापस बुलवा रहे हैं जो मतदाता रोजी-रोटी की तलाश में दूसरे प्रदेश चले गए हैं या फिर अपने किसी काम से बाहर में हैं। प्रत्याशी ऐसे मतदाताओं को आने जाने के खर्च से लेकर जब तक यहां रहेंगे तब तक के खर्चे उठाने को तैयार हैं।

**प्रखंड में 1 जिप सदस्य, 8 मुखिया, 10 पंसस और 97 वार्डो का होगा चुनाव**

ज्ञात हो कि त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव में टाटीझरिया प्रखंड से कुल 39 हजार 91 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें 20607 पुरूष और 18484 महिला शामिल है। टाटीझरिया प्रखंड में कुल 97 वार्ड है। वार्ड के अनुसार ही बूथ बनाए गए हैं। इनमें से खैरा पंचायत के 11 बूथों में कुल 4665 मतदाता में 2449 पुरूष और 2216 महिला, झरपो पंचायत के 12 बूथों में कुल 5636 मतदाता में 3048 पुरूष और 2588 महिला, भराजो पंचायत के 12 बूथों में कुल 5048 मतदाता में 2633 पुरूष और 2415 महिला, डहरभंगा पंचायत के 12 बूथों में कुल 5000 मतदाता में 2613 पुरूष और 2387 महिला, धरमपुर पंचायत के 13 बूथों में कुल 5072 मतदाता में 2701 पुरूष और 2371 महिला, डुमर पंचायत के 15 बूथों में कुल 5305 मतदाता में 2800 पुरूष और 2505 महिला, टाटीझरिया पंचायत के 13 बूथों में कुल 5210 मतदाता में 2751 पुरूष और 2459 महिला, बेडम पंचायत के 9 बूथों में कुल 3155 मतदाता में 1612 पुरूष और 1543 महिला मतदाता मताधिकार करेंगे। प्रखंड में 1 जिला परिषद सदस्य, 8 मुखिया, 10 पंचायत समिति सदस्य और 97 वार्डो का चुनाव होना है।

# सुनसान जगह ले जाकर मां की गला घोंटकर हत्या के बाद बेटा फरार

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**

पैसों के लेनदेन के विवाद को लेकर कलियुगी बेटे ने सुनसान जगह पर ले जाकर अपनी मां की गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को छोड़कर फरार हो गया। सुबह ग्रामीणों ने शव देखकर हो-हल्ला किया। घटना विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के डुमरडीहा गांव की है। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान नवादा निवासी कोहिनूर खातून (50) पति स्व. हुमायूं शाह के रूप में की। इसे लेकर मृतका की पुत्री भोंडामुर्गी निवासी अकीदा खातून ने हत्या का आरोप अपने भाई सह मृतका के मंझले पुत्र अमजद शाह पर लगाया है। कहा है कि नवादा में अपने पुराने घर को बेचकर मां मेरे घर में रह रही थी। घर बेचने के बाद मिले रूपए को लेकर पुत्र अमजद मां पर लगातार दबाव बना रहा था। मां 50 हजार रूपए देने को राजी थी पर वह डेढ़ लाख रूपए लेने की जिद पर अड़ा था। फिलहाल अमजद हजारीबाग के पेलावल स्थित अपने ससुराल में रहता है। बताया कि बीते गुरूवार को वह अपनी पत्नी के साथ मेरे घर पहुंचा। शाम में मां को बहला फुसलाकर कर नवादा में ब्याही एक अन्य बहन के घर ले जाने की बात कहकर मां के साथ निकल गया। आरोपी पुत्र तथा पतोहू मां को बहन के घर नहीं ले जाकर डुमरडीहा में सुनसान जगह पर ले जाकर रस्सी के सहारे गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद फरार हो गया। शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों ने मां का शव महुआ पेड़ के नीचे पड़ा होने की सूचना दी। जाकर देखा तो मृत मां के गले में रस्सी का फंदा कसा हुआ था। सूचना पर विष्णुगढ़ पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। मृतका की पुत्री के बयान पर आरोपी पुत्र के खिलाफ केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया गया।

# विष्णुगढ़ में दुर्गा पूजा एवं दशहरा को लेकर रहा उल्लास

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**


मूर्ति विसर्जन करते ग्रामीण

विष्णुगढ़ और इसके आसपास के इलाकों में दुर्गा पूजा और दशहरा का पर्व शांति, सौहार्द एवं उल्लास के साथ मनाया गया। प्रखंड के गाल्होबार, गोविन्दपुर, कोनार डैम, करगालो, अखाड़ा चौक, रमुवां तथा मड़मो स्थित सभी दुर्गा मंदिरों में नौ दिनों तक चले नवरात्र के बाद शुक्रवार की शाम स्थापित मां दुर्गा समेत अन्य देवी देवताओं की प्रतिमा का पारंपरिक ढ़ोल नगाड़े की थाप के बीच गगनभेदी जयकारों के साथ जुलूस निकाल कर स्थानीय जलाशयों में विसर्जन किया गया। सभी ने अश्रुपूरित आंखों से मां दुर्गा को विदाई दी। इसके पूर्व श्रद्धालुओं ने मां को खोइछा देकर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में सुहागिन महिलाओं ने सिंदूर खेला कर सुहाग को अक्षुण्ण बनाए रखने की मन्नत मांगी। दशहरा को लेकर लोगों में भारी उत्साह रहा। हालांकि पंडाल एवं मेला का आयोजन इस बार नहीं होने के बावजूद दर्शन एवं घूमने के लिए लोगों की भारी भीड़ जुटी। विधि व्यवस्था को बनाए रखने में विष्णुगढ़ पुलिस की टीम दंडाधिक. ारियों के साथ मौजूद रही।

# पूर्व प्रत्याशी रामचन्द्र प्रसाद ने इचाक के पूजा पंडालों का किया भ्रमण, पूजा अर्चना कर की सुख समृद्धि की कामना

समाजसेवी सह पूर्व बरकठा विधानसभा

**अपेम लाइव : ईचाक**



प्रत्याशी रामचन्द्र प्रसाद ने शुक्रवार को इचाक के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालो में जाकर इचाक वासियों के लिए अमन, शांति एवं यहाँ लोगों के विकास के लिए प्रार्थना किया । उन्होंने कहा कि इचाक वासियों ने काफ़ी मेहनत के साथ दुर्गा माँ की प्रतिमा एवं पंडाल बनाए जो सराहनीय है। इसके लिए उन्होंने सभी पंडालों के निर्माण में सहयोग देने देने वालों एवं आयोजकों को सहृदय धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह का आयोजन होते रहना चाहिए, इससे लोगों के बीच सकारात्मक ऊर्जा का विकास होता है। उन्होंने कहा कि पिछले साल दुर्गा पूजा एवं दशहरा के समय कोरोना का प्रभाव होने के वजह से पर्व त्योहार नहीं मनाया जा सका था। इस वर्ष कोरोना का प्रभाव कम होने के वजह से लोगों में काफ़ी उत्साह देखा गया एवं जनता ने पर्व त्योहार को अच्छे से मनाया भी है। इसके लिए उन्होंने स्थानीय प्रशासन को भी धन्यवाद कहा की उन्होंने जनता को इस महामारी के बीच उनके पर्व त्योहार को मनाने में सहयोग दिया। इस क्रम में उन्होंने पुनाई मंदिर, जलौंध, इचाक, इचाक मोड़ , नवाडीह, देवकुली दरिया सहेत दर्जनों पंडालों का भ्रमण किए। इस दौरान उनके साथ सुरेंद्र मेहता, लक्ष्मण राम, प्रयाग राम, सुनील मेहता, संजय मेहता, अजय मेहता सहित दर्जनों लोग थे।

अपेम लाइव न्यूज़ में विज्ञापन लगाने के लिए

संपर्क करें : सोनु पंडित 9550809864

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## बड़कागांव प्रखंड में शांतिपूर्वक दशहरा संपन्न, प्रशासन चौकस,कई स्थानों में कोविड 19 का पालन टांय – टांय फिस

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव प्रखंड में दशहरा त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मां दुर्गे की प्रतिमा का विसर्जन के साथ –साथ शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी कोरोना को देखते लोगों ने त्यौहार मनाया। हालांकि कुछ स्थानों में प्रशासन कि लापारवाही के कारण कोविड 19 का पालन नहीं किया गया और कई पंडालों में सांस्कृतिक प्रोग्राम तथा रावण दहन का आयोजन किया गया। लोगों ने कोविड 19 का पालन नहीं करते हुए लुत्फ उठाया। प्रखंड़ के बड़कागांव, नापोखुर्द, पंकरी बरवाडीह, गोसाई बलिया, उरीमारी, हरली,गोंदलपूरा, बादम,पि. पराडीह,झिकझोर, सांढ,चंदौल, अम्बाजीत,सिकरी,कांडतरी, उरुब,ईत्यादि गांवो में दुर्गा पूजा मनाया गया। पूजा को लेकर प्रखंड के तमाम अखाड़ा दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष, सचिव सदस्य लोगों में सतर्कता देखी गई। वही शांति व्यवस्था के लिए प्रशासन की टीम निरंतर कार्य करती नजर आई। पूजा पंडालों व अन्य स्थानों में सीओ प्रभात भूषण सिंह, एसडीपीओ अमित कुमार सिंह, इंस्पेक्टर श्याम चंद्र सिंह ,थाना प्रभारी गौतम कुमार, अजीत कुमार रुस्तम अली के अलावा प्रशासन के कई पदाधिकारियों को सराहनीय योगदान रहा।



मूर्ति विसर्जन करते ग्रामीण

## गोंदलपुरा गांव में कोल माइंस के खिलाफ ग्रामीणों ने की बैठक

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव प्रखंड के ग्राम पंचायत गोंदलपुरा के दुर्गा मंदिर प्रांगण ने कोल कंपनियों के विरोध में ग्रामीणों के द्वारा ग्राम सभा का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि फ्रांस के कैरोल अखबार के पत्रकार ली मोंडे, बीबीसी चौनल के रिपोर्ट आनंद दत्ता और सौम्या शंकर बोस शामिल हुए। ग्रामीणों ने कहा के यहां की जमीन तीन फसली जमीन है। यहां कभी सुखाड़ नही हुआ। यहां के लोग खेती से जीविकापार्जन करते हैं। यहां के जंगल जंगली जानवरों का कोरिडोर है। हाथी, सियार, खरगोश, जंगली शूकर, मोर, हिरण आदि जानवर यहां के जंगलों में रहते हैं। कोल कंपनियां यहां कोल खनन के लिए आ रही है। एनटीपीसी, अदानी, और जेएसडब्ल्यू कंपनी को कोल खनन के लिए जमीन आवंटित किया गया है। लेकिन हम ग्रामीण किसी भी हालत में एक इंच भी जमीन कोल कंपनियों को नहीं देंगे। मुख्य अतिथियों ने कहा के यहां के जनता की आवाज को हम अंत. र्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने का काम करेंगे। मौके पर मुख्य रूप से बादम ग्राम प्रधान दीपक दास, श्रीकांत निराला , ग्राम अध्यक्ष विक्रम कुमार, देवनाथ महतो, फागुन गोप, परमेश्वर महतो, कृष्ण कु राना, विकास कुमार महतो आदि उप. स्थित थे।



बैठक करते ग्रामीण

## बिजली समस्या के कारण ग्रामीण परेशान, रोजमर्रा काम काज हो रहे हैं प्रभावित

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**

इन दिनों बड़कागांव प्रखंड के ग्रामीण बिजली समस्या से काफी परेशान हैं बिजली की लुकाछिपी खेल के कारण रोजमर्रा के कामकाज पूर्ण रूप से प्रभावित हो रहे हैं। इलेक्ट्रॉनिक, इलेक्ट्रिक से संबंधित सभी कार्य प्रभावित हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली नहीं रहने के कारण हम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है ।मोबाइल चार्ज नहीं हो पाता है, पानी मशीन नहीं चल पाता है, इसके अलावा बिजली से संबंधित कई समस्याएं हैं जिसमें बिजली नहीं रहने के कारण हम लोगों को काफी परेशानी हो रही है। बिजली विभाग को इस ओर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। मामले को लेकर बिजली विभाग के कनीय अभियंता कुन्नू राम मुरमू से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि सिंदूर ग्रीड से लेकर बड़कागांव तक फॉल्ट हो गई है। मिस्त्री लोग के द्वारा जांच किया जा रहा है जल्द बिजली बहाल कराई जाएगी।


बिजली समस्या सुधार करते

## फिटनेस क्लब जिम सेंटर का हुआ शुभारंभ

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव प्रखंड के ग्राम बादम मुस्लिम मुहल्ले में फिटनेस क्लब जिम सेंटर का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि किसान बेरा. जगार संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक पंकज महतो ने विधिवत फीता काट कर जिम सेंटर का उद्घाटन किया। मौके पर पंकज महतो ने कहा के स्वस्थ शरीर के लिए व्यायाम बहुत जरूरी है। वहीं जिम सेंटर के संच. ालक जुनेद इमाम ने कहा के ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण यहां के युवाओं को व्यायाम करने के लिए जिम सेंटर की कमी थी। यहां पर कम फीस में युवाओं को व्यायाम की अच्छी सुविधा दी जाएगी। मौके पर मुख्य रूप से मुन्ना खान, फूलचंद कुशवाहा, जिल्लानी खान, विक्की, तंजील फैसल आदि उपस्थित थे।


जिम सेंटर का उद्घाटन करते अतिथि गण

## बेन्दगी पंचायत से मो कयूम अंसारी ने पेश की मुखिया पद की दावेदारी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

पंचायत चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। बेन्दगी पंचायत से मुखिया पद के लिए कोयली निवासी मो कयूम अंसारी ने अपनी उम्मीदवारी पेश कर दी है। मो कयूम अंसारी ने अपनी दावेदारी पेश करते हुए कहा कि पिछले पांच साल में वर्तमान मुखिया कुछ काम नही किया। कोयली का न तो शमशान घाट का रास्ता पक्की हो पाया और न ही कब्रिस्तान जाने की सड़क ही बन पाया । ऐसे में अब कोयली की जनता ठान ली है कि वह इस बार कोयली से मुखिया बनाएगा। मो कयूम ने कहा कि एक बार बेन्दगी पंचायत की जनता उन्हें अपना समर्थन दे। बेन्दगी पंचायत की हर समस्या का समाधान करेंगे। गरीब लोगों को आवास एवं राशन कार्ड उपलब्ध कराने में हर संभब प्रयास करेंगे। उन्होंने बेन्दगी की जनता से एक बार मुखिया बनाने की अपील की है।


मो कयूम अंसारी, मुखिया प्रत्यासी

## केबीएमएस के जिला अध्यक्ष ने त्यागपत्र दी

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**

किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष शाहिद उर्फ सोनू ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। सोनू ने बताया कि किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा एक फर्जी संस्था है, इस संस्था को कोई रजिस्ट्रेशन प्राप्त नहीं है, ना ही केंद्र ना ही राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त है, इससे जुड़े लोगों का मुख्य उद्देश्य केवल किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के नाम पर यहां के ग्रामीणों पर अपना दबदबा बनाकर कंपनी से हाथ मिलाना है। ग्रामीणों को उनकी हक दिलाने के नाम पर गुमराह करने का काम किया जा रहा है। आगे उन्होंने बताया कि जब मुझे यह बात पता चली तब तुरंत इससे त्यागपत्र देना उचित समझा। वहीं किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक पंकज महतो ने बताया कि ग्रामीण एवं किसानों की लड़ाई लड़ने के लिए कोई रजिस्ट्रेशन की आवश्यकता नहीं होती है, किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ग्रामीणों एवं किसानों को हक दिलाने के काम कर रही है जो निरंतर जारी रहेगा। जल्द ही नए जिला अध्यक्ष की घोषणा कर दी जाएगी।


शाहिद

## चंद्रदेव महतो की आकस्मिक निधन गांव में पसरा मातम

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव चमगड़ा निवासी 47 वर्षीय चंद्रदेव महतो की आकस्मिक निधन शुक्रवार विजयदशमी की दिन हो गई। इनके निधन से पूरे गांव में मातम पसरा गया। चंद्रदेव महतो अपने पीछे पत्नी 1 पुत्र एवं पुत्री और 85 वर्षीय वृद्ध पिता के अलावा भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। बताया जाता है कि मृतक शुगर एवं बीपी की रोग से ग्रसित थे। आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से रोशन लाल चौधरी, शिवलाल महतो ,85 वर्षीय पिता ठेगू महतो, बड़े भाई लालदेव महतो, अर्जुन महतो ,ज्ञानी महतो,बिंदेश्वर महतो, उपेंद्र कुमार,अनिल महतो, आशीष कुमार पटेल, शहादेव महतो, टिकेश्वर प्रसाद, रामेश्वर महतो, शुखलाल महतो, जागो महतो, धनेश्वर महतो, शिव शंकर महतो, कामेश्वर कुमार, नरेश महतो, धनुनाथ प्रसाद, अर्जुन महतो, तुलसी महतो और लालधन महतो के अलावा दर्जनों लोग शामिल हैं।


चंद्रदेव महतो

**आप भी है पत्रकार, आप अपने आस पास की समस्या, घटना से अपेम लाइव न्यूज को अवगत करा सकते हैं। संपर्क–9431129570**




